केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 07 शुक्रवार 26 जुलाई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### मण्डलायुक्त ने किया श्री अन्न के बीज का वितरण



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने आयुक्त कार्यालय में श्रीअन्न (मोटे अनाज) यथा–ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो एवं अरहर बीज का मिनीकिट निःशुल्क वितरण किया। उन्होने उपस्थित कृषकों को मोटे अनाज उत्पादन करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होने कृषक आद्या प्रसाद दुबे को अरहर, अमर चौधरी को रागी, राम निहोर को ज्वार, राम सुरेमन को बाजरा, मिन्टू लाल को कोदो, कृष्ण देव सिंह को सांवा, विशाल मौर्य को अरहर, राहुल यादव को अरहर, लाल जी को अरहर, प्रेम चन्द्र को कोदो, श्रीमती माया देवी को अरहर के बीज का मिनीकिट प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि बस्ती मण्डल के सभी जनपदों में इच्छुक कृषकों को पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से ही पारदर्शी तरीके से बीज मिनिकिट का वितरण किया गया है। बस्ती मण्डल में अरहर, उर्द एवं श्रीअन्न (मिलेट्स)–सांवा, कोदो, रागी (मडुआ) तथा तिलहन फसल के मूगफली एवं तिल के मिनिकिट वितरण कर कृषकों को इन फसलो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया गया है।

इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी, उप कृषि निदेशक, अशोक कुमार गौतम, जिला कृषि अधिकारी डा0 बाबू राम मौर्य, उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन में शिथिलता क्षम्य नहीं

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में जलजीवन मिशन से संबंधित कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गयी। बैठक में उन्होने मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेसर्स वी.एस.ए. इन्फ्रा प्रोजेक्ट, मेसर्स जैक्शन विश्वराज चयनित फर्मो को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। जलजीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत मण्डल में 59 भूमि संबंधी विवादों में निर्देश दिया कि संबंधित विभागीय अधिकारी जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या का निराकरण करायें।

बैठक में उन्होने पाया कि बस्ती मण्डल के अन्तर्गत तीनों जनपदों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–2, 3 एवं फेज 5 को सम्मलित करते हुए तीनों फर्मो द्वारा 5884 राजस्व ग्रामों को पेयजल से आच्छादित करने का चयन किया गया है, जिसके सापेक्ष 2080 नग प्राक्कलन एसएलएसएससी से कार्य पूर्ण, 2195 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 2082 नग पम्प हाउस कार्य पूर्ण, 21529 किमी. पाइप लाइन के सापेक्ष 19412 किमी. कार्य पूर्ण, 2061 नग सोलर प्लांट के सापेक्ष 1791 नगर सोलर प्लांट स्थापित करा दिये गये है। 2090 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 2059 कार्य प्रारम्भ एवं 181 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण है तथा 28 संचालित है।

बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त संत कुमार ने किया। इसमें सीआरओ संजीव ओझा, अपर जिलाधिकारी जयप्रकश आदि उपस्थित रहे।

### सर पर मैला उठाना बंद हो–बाल्मीकि

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी.एस. अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति भारत सरकार धीरेन्द्र कुमार बाल्मीकि ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सरकार की मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम पायदान पर खड़ें प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य मिलें। उक्त बाते सर्किट हाउस सभागार में उन्होने कहा। उन्होने कहा कि सर पर मैला उठाना और ढोना कुप्रथा है, इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार ने सख्त निर्देश दिया है कि सेक्सन मशीन द्वारा कार्य कराया जाय।

# अगस्त में होगी यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा

**लखनऊ (आभा)।** यूपी पुलिस में सिपाही (कांस्टेबल) के 60244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए होने वाली लिखित परीक्षा की डेट गुरुवार को घोषित कर दी गई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से यह परीक्षा आगामी 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को आयोजित की जाएगी। पूर्व में पेपर लीक होने के कारण यह परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को रोडवेज की बसों में निरूशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद परीक्षा निरस्त करते हुए छह माह के अंदर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को ध्यान में रखते हुए पुनः परीक्षा कराने का निर्देश दिया था। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराए जाने के संबंध में परीक्षा संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केंद्रों के चयन, परीक्षार्थियों के सत्यापन तथा सॉल्वर बैठानें स रोकने के बारे में भी प्रदेश सरकार ने गत 19 जून को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया था। परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार आयोजित की जाएगी। जन्माष्टमी त्योहार के कारण परीक्षा में अंतराल दिया गया है। जन्माष्टमी त्योहार के कारण परीक्षा में अंतराल दिया गया है।

शासन ने पहली जुलाई 2024 को सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों जैसे प्रश्नपत्र लीक होने और उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश 2024 को अधिसूचित किया था। इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड्यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं, जो इस अधिनियम के तहत दंडनीय है। ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा या दोनों ही हो सकती है।

## शिक्षा मित्रों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, शिक्षक के रूप में समायोजन की मांग

बस्ती । गुरूवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार शुक्ल के संयोजन में जनपद के शिक्षा मित्रों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी को सौंपा। मांग किया कि शिक्षा मित्रों की समस्याओं का प्रभावी समाधान कराकर शिक्षक के रूप में समायोजन सुनिश्चित कराया जाय।

ज्ञापन सौंपने के बाद संघ के मण्डल अध्यक्ष प्रवीन श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में विगत 23 वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षामित्र जो स्नातक बीटीसी उत्तीर्ण हैं। मंहगाई के इस दौर में शिक्षामित्र को मात्र 10 हजार रुपए और 11 माह का ही मानदेय मिल रहा है, जिससे शिक्षामित्रों के परिवार का पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। इस कारण उत्तर प्रदेश के शिक्षामित्र आर्थिक एवं मानसिक सप से परेशान होकर आत्महत्या जैसे कदम उठा उठा रहे हैं। अच्छा हो कि सरकार शिक्षा मित्रों की समस्याओं का प्रभावी समाधान कराने की दिशा में प्रभावी पहल करे।



### –समायोजन निरस्त होने के आठवीं बरसी पर जान गंवाने वाले शिक्षा मित्रों को दिया श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री को भेजे 7 सूत्रीय ज्ञापन में नई शिक्षा नीति में शिक्षामित्रों को स्थाई करते हुए नियनित वेतनमान दिये जाने, वर्तमान में महगाई को देखते हुए नियमितीकरण होने तक अन्य राज्यों (राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार) की भांति शिक्षामित्रों को वेतन या मानदेय दिये जाने, मूल विद्यालय से वंचित शिक्षामित्रों को पुनः मूल विद्यालय उनकी ग्राम पंचायत के अन्य विद्यालय में समायोजित करने, महिला शिक्षामित्रों को विवाहोपरान्त उनकी ससुराल के जनपद में समायोजित किये जाने, शिक्षामित्रों का ई०पी०एफ० योजना में शामिल किये जाने, शिक्षामित्रों को आयुष्मान योजना में शामिल करते हुए मेडिकल सुविधा देने, मृतक शिक्षामित्रों के परिवार को आर्थिक सहायता देते हुए परिवार के एक सदस्य को उक्त पद पर समायोजित करने आदि की मांग शामिल है।

ज्ञापन देने से पूर्व शिक्षा मित्रों ने 25 जुलाई 2017 से 2024 के दौरान दिवंगत हुये शिक्षा मित्रों को समायोजन निरस्त होने के आठवी बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से शिक्षक नेता चन्द्रिका सिंह, उदयशंकर शुक्ल, बालकृष्ण ओझा, दुर्गेश यादव, सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, प्रमोद सिंह, हरेन्द्र यादव, सुरेश गौड़, सनद पटेल, अभय सिंह यादव, शैल शुक्ल, संजय यादव, अशद जमाल, दिनेश उपाध्याय, मुक्तेश्वर यादव, श्रवण यादव, राम प्रकाश वर्मा, रामेन्द्र श्रीवास्तव, रत्नेश चौधरी, भगौती भारती, सुरेन्द्र उपाध्याय, शिवशंकर साहू, सुशील चौधरी, राम सूरत चौधरी, वसीउल्लाह, बन्दना, सुमन मिश्र, अर्चना श्रीवास्तव के साथ ही अनेक शिक्षक, शिक्षा मित्र शामिल रहे।

# 13 वीं पुण्य तिथि पर रक्तदान के साथ याद किये गये विष्णुदत्त ओझा








–भारतीय बस्ती संवाददाता–

### –युवाओं के लिये प्रेरणापुंज हैं विष्णुदत्त ओझा–नन्दीश्वर
### – विष्णुदत्त ओझा को नमन् कर किया योगदान पर विमर्श
### – 115 लोगों ने रक्तदान कर किया नमन्

बस्ती । भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं मण्डलीय गौरक्षा समिति के संस्थापक योगी आदित्यनाथ के अनन्य सहयोगी एवं हिन्दू युवा वाहिनी उ.प्र. के स्थापन प्रदेश संयोजक स्वर्गीय विष्णुदत्त ओझा के 13 वीं पुण्य तिथि पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पुस्तकालय टाउन क्लब के सभागार में विष्णुदत्त ओझा रक्तदान एवं जन सेवा समिति के संयोजक नन्दीश्वरदत्त ओझा के संयोजन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरूवार को आस्था के बीच 115 साधकों ने रक्तदान कर स्वर्गीय विष्णुदत्त ओझा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

रक्तदान शिविर के दौरान भावुक विष्णुदत्त ओझा रक्तदान एवं जन सेवा समिति के संयोजक नन्दीश्वर दत्त ओझा ने कहा कि आज स्वर्गीय विष्णुदत्त ओझा का भौतिक शरीर हमारे बीच नहीं है किन्तु उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। उनका जीवन चरित्र और अविस्मरणीय कार्य शैली युवाओं के लिये सदैव प्रेरणा का श्रोत बना रहेगा। कहा कि राष्ट्रवाद के अजेय यौद्धा, हिन्दुत्व के पुरोधा, अनाथ, अशक्त, गरीब, भय और अभावग्रस्त, बीमार लोगो की सेवा को वे अपना कर्तव्य और धर्म मानते थे। कहा कि रक्तदान कर हम स्व. विष्णुदत्त ओझा को नमन् करने के साथ ही अनेक मरीजों को जीवन दान देने का माध्यम बनते हैं। वे युवाओं के लिये सदैव प्रेरणापुंज बने रहेंगे।

विशाल रक्तदान शिविर में निर्वतमान सांसद हरीश द्विवेदी, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, सुशील सिंह, अजय सिंह गौतम, गोपेश्वर त्रिपाठी, दिवाकर मिश्र, अभिषेक कुमार, राकेश श्रीवास्तव, अखण्ड सिंह, गजेन्द्र सिंह, राना नागेश प्रताप, राना दिनेश प्रताप सिंह, सुभाष शुक्ल, भूपेन्द्र सिंह राना, अखिलेश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, ओम प्रकाश आर्य, अनूप खरे, आशीष शुक्ल, पं. सरोज मिश्र, रामभवन शुक्ल, परमेश्वर शुक्ल पप्पू, सतीश सोनकर, डा. वीरेन्द्र त्रिपाठी, सुधीर अग्रवाल, अविनाश श्रीवास्तव आदि ने स्वर्गीय विष्णुदत्त ओझा के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि उनका असामयिक निधन देश समाज के लिये अपूर्णनीय क्षति है। वे सदैव अन्याय का मुखर विरोध करने के साथ ही न्याय के पक्ष में खड़े रहे। हिन्दुत्व उनकी जीवन शैली थी। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

स्वर्गीय विष्णुदत्त ओझा की स्मृति में रक्तदान करने वालों में कामेश्वरदत्त ओझा, विवेक प्रकाश सिंह, ओम प्रकाश आर्य, अनूप खरे, सुशील सिंह, इन्द्रपाल सिंह, जय प्रकाश शर्मा, मो. नियाज, अरून चौधरी, अंसार अली, आशीष शुक्ल, विक्रम सिंह कौशिक, विमल चौधरी, अर्चित जायसवाल, चन्द्रजीत, धर्मेन्द्र सोनकर, मुकुल सोनकर, मनीष श्रीवास्तव, सुभाष चन्द्र, ब्रजेश प्रताप सिंह, विवेक चौबे, गरूणध्वज पाण्डेय, ऐश्वर्य शुक्ल, लक्ष्मण चौरसिया, गंगानाथ ओझा, आयुष ओझा, अभिनव उपाध्याय, हर्ष दीप सिंह, ओरी लाल गुप्ता, अजय चौधरी, अवनीश मिश्र, श्रेकर दूबे, श्रेयांश दूबे, अजय यादव, पूनम ओझा, अनुपमा ओझा, रविन्द्र कुमार, जय प्रकाश मिश्र, शिवांग शुक्ल, अखिलेश त्रिपाठी, गौरव शुक्ल, श्वेतांक दूबे, सूरज कुमार, लक्ष्मणेश्वर प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार चौहान, रवि दूबे, ओरीलाल गुप्ता, अनिरूद्ध पाण्डेय, देवानन्द आर्य, राहुल सिंह, नीतिन कुमार श्रीवास्तव, आदर्श उपाध्याय, रिशु शुक्ला, सुधीर मिश्र, विकास तिवारी के साथ ही कुल 115 लोगों ने रक्तदान किया।

स्वर्गीय विष्णुदत्त ओझा की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर को सम्पन्न कराने में जिला चिकित्सानलय और बस्ती चेरिटेबल ब्लड बैंक के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों के साथ ही रवि चौबे, विवेक प्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र सोनकर, इन्द्रप्रकाश शुक्ल, रवि चौबे, विजय सिंह, आलोक चौधरी, विक्रम सिंह कौशिक, संजय ओझा, अम्बिकेश्वर दत्त ओझा, अवधेश मुकेश, डी.पी. यादव, विजय कुमार शुक्ला, जितेन्द्र के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने योगदान दिया।

## डिजिटल हाजिरी के विरोध में 34 संकुल शिक्षकों का इस्तीफा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। डिजिटल हाजिरी सहित अन्य प्रमुख मांगों को लेकर सदर ब्लाक के 34 संकुल शिक्षकों ने प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैल शुक्ल के नेतृत्व में डिलिया बीआरसी पर बीएसए को सम्बोधित अपना इस्तीफा खण्ड शिक्षा अधिकारी



बस्ती सदर को सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि शिक्षण कार्य के अलावा कोई अतिरिक्त कार्य नहीं किया जाएगा।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शैल शुक्ल शैल शुक्ल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, 31 दिवस का उपार्जित अवकाश, 15 अर्धआकस्मिक अवकाश और कैशलेश इलाज समेत शिक्षकों की सभी समस्याएं सरकार जब तक दूर नहीं करेगी तब तक डिजिटल हाजिरी का कोई औचित्य नहीं है। कहा कि सरकार शिक्षक हितों के विरुद्ध कार्य कर रही है और यदि शीघ्र शिक्षकों की मांगे पूरी नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आन्दोलन किया जाएगा।

मौके पर ब्लॉक मंत्री विजय प्रताप वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार, रचना पाल, प्रभाकर धुसिया, अंकिता उपाध्याय, स्वालिहा खातून, रश्मि बेन, सोनाली, मीनाक्षी, सौम्या ,अर्चना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## मोबाइल कर्मचारी पर मदरबोर्ड बदलने का आरोपः एसपी से लगाया न्याय की गुहार



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । लालगंज थाना क्षेत्र के नन्दपुर निवासी राजा सोनकर पुत्र कोमल सोनकर ने पुलिस अधीक्षक के साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को पत्र देकर अपने मोबाइल का मदर बोर्ड जो लालगंज थाना क्षेत्र के छबिलहा निवासी प्रिन्स पुत्र धर्मराज के पास है उसे दिलाये जाने की मांग किया है। पत्र में राजा सोनकर ने कहा है कि उसने पाकरडाड बाजार स्थित बालाजी मोबाइल शाप पर अपनी मोबाइल गत 17 जुलाई को बनवाने के लिये दिया था। उसी दूकान पर काम करने वाले प्रिन्स पुत्र धर्मराज ने उसके मोबाइल का मदर बोर्ड अपनी महिला मित्र के मोबाइल में लगा दिया । पत्र में कहा गया है कि जब बालाजी मोबाइल शॉप के मालिक सम्पूर्णानन्द पुत्र दयाराम पाण्डेय निवासी पाकड़डाड से शिकायत किया तो सम्पूर्णानन्द ने प्रिंस से पूंछा इस पर मोबाइल शाप की दूकान पर काम करने वाले प्रिन्स ने मालिक सम्पूर्णानन्द से कहा कि उससे न उलझे वरना दलित उत्पीड़न का केस करा दूंगा। तुमको और जिसकी मोबाइल है, दोनों को जेल भेजवा दूंगा। उसने फोन कर अपने साथियों को बुलवाकर दूकान में तोड़फोड़ कर भाग गया। राजा सोनकर ने कहा है कि उसके मोबाइल का मदर बोर्ड प्रिंस के पास से वापस दिलवाया जाय क्योंकि यह उसका दुरूपयोग भी कर सकता है।

## 6 सूत्रीय मांगो को लेकर सुभासपा ने सौंपा ज्ञापन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। गुरूवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पिछडा मोर्चा 'सुभासपा' के निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, किसानों और क्षेत्रीय नागरिकों ने भानपुर तहसील परिसर में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी भानपुर के आश्वासन के बाद धरना स्थगित कर दिया गया।



### –नहर के लिये निकली जमीनों का मुआवजा दे सरकार– प्रमोद चौधरी

ज्ञापन के द्वारा मांग किया गया है कि सरयू नहर खण्ड 4 के अन्तर्गत पकड़ी रजवाहा माइनर का संचालन कुशलता से किया जाय। नहर में निकले किसानों की जमीनों का मुआवजा का भुगतान किया जाय व पकड़ी रजवाहा के पुलिया से भगवानपुर पुलिया तक नहर पक्का करवाया जाय, विद्युत उपकेन्द्र भानपुर के आमा फीडर के अन्तर्गत ग्राम भौखरी में लगे अवैध व अनैतिक पोल को हटाया जाय, लगभग 220 मीटर केबल के माध्यम से दर्जनों जगह हरे पेड़ में बांधकर बिजली सप्लाई दिया गया है जिसको हटाया जाय, उक्त गांव में राम बुझारत मौर्या के घर के सामने दो बिजली के पोल लगभग 2 साल से गिरे पड़े हैं। उसको लगाया जाय । कोरिया डीह पुलिया से कोठिला पुलिया के बीच बम्बा व छोटी पुलिया का निर्माण कराया जाय और द्वारिका चक ग्राम पंचायत केवटा खोर फीडर सोनहा के अन्तर्गत लगा ट्रांसफार्मर ओबर लोड चल रहा है, इस ट्रांसफार्मर से 3 गांवों को की विजली की सप्लाई है इसकी क्षमता को बढ़ाया जाय । ग्राम पंचायत कोठिली में बने आंगनवाड़ी केन्द्र को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाय, महिला शौचालय तथा बच्चों का शौचालय, बच्चों को शुद्ध पेयजल का व्यवस्था कराया जाय ।

ज्ञापन सौंपने के बाद सुभासपा नेता प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि सम्बन्धित विभागों को कई बार लिखित रुप में सूचित करने के वावजूद भी प्रकरण को संज्ञान में नहीं लिया गया , मांगो की पूर्ति ना होने की स्थिति में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

6 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से सूरज कुमार, रमेश चन्द्र वर्मा, अब्दुल अजीज, संदीप चौहान, राजू चौहान, धर्मेन्द्र कन्नौजिया, राम बदल गुप्ता, सुधाकर चौधरी, प्रमोद, समरथ चौधरी, जगदीश मास्टर, केशराम चौधरी, वृजभूषण मिश्र, सीतादेवी राजभर, धर्मेन्द्र यादव, कोमल निषाद, कृष्ण प्रताप मणि के साथ ही सुभासपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पुरस्कृत किये गये रेड रिबन मैराथन के विजेता ट्रांसजेन्डर वर्ग में कशिश को प्रथम स्थान

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ के दिशा–निर्देशन में दिशा कलस्टर बस्ती द्वारा युवा उत्सव "4 की बात" थीम पर रेड रिबन मैराथन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरूवार को राजकीय कन्या इंटर कालेज में पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चिकित्साधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा उप–जिला क्षयरोग अधिकारी बस्ती ने दीप प्रज्वलित कर किया।




रेड रन मैराथन में महिला वर्ग में काजल चौधरी को प्रथम स्थान, संजना को द्वितीय स्थान तथा मरियम खातून को तृतीय स्थान, पुरुष वर्ग में शाहबान को प्रथम स्थान, रोशन को द्वितीय स्थान तथा विकास चौधरी को तृतीय स्थान एवं ट्रांसजेंडर वर्ग में कशिश को प्रथम स्थान, रोशनी को द्वितीय स्थान तथा मनीषा को तृतीय स्थान एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सरस्वती बालिका इ0 कालेज की छात्रा आशा मिश्रा एवं सौम्या पांडेय को प्रथम स्थान एवं अन्या शुक्ला एवं याशी उपाध्याय को द्वितीय स्थान तथा सरस्वती शिशु मंदिर इ0कालेज शिवा कॉलोनी बस्ती के छात्र प्रशांत कुमार एवं शिवम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कर रही मानवी सिंह अध्यापिका राजकीय कन्या इण्टर कालेज बस्ती एवं संस्था जीवीएसएस के सचिव अम्बुज कुमार यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि कि युवाओं के बीच एचआईवीध एड्स की सही व पूरी जानकारी पहुंचे इसके लिए यूपीसैक द्वारा यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं का जागरूक होना होगा, युवा देश के भविष्य है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर0 एस0 दूबे ने कहा कि यूथ फेस्ट मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं में एचआईवी, एड्स के व्यापक ज्ञान में वृद्धि करना तथा रोचक तरीके से प्रचार तथा सोसाइटी द्वारा प्रदत्त सेवाओं की मांग में वृद्धि करना है।

इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि ट्रांसजेंडर भी अब एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूक हो रहे है तथा अपने साथियों को भी एचआईवी के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे है, तथा समाज कल्याण विभाग इनके सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेगा।

इस दौरान कलस्टर प्रोग्राम मैनेजर अखिलेश सिंह ने कहा कि सामाजिक मिथकों एवं भ्रांतियों को दूर करने के लिए तथा आहार, पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य जीवन शैली हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाना अति आवश्यक है। दिशा यूनिट के सीएसओ, डीएमडीओ ग्रामीण विकास सेवा समिति के ट्रेनिंग आफिसर, जोनल सुपरवाइजर, कलस्टर लिंक वर्कर, एम एण्ड ई कम लेखाधिकारी सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के सम्पूर्ण सुरक्षा मैनेजर, ओआरडब्लू, विहान परियोजना के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, सचिवध्प्रबंधक इन्दिरा चौरिटेबल सोसाइटी सहित उम्मीद संस्था के परियोजना प्रबंधक, ओआरडब्लू सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र के प्रबंधक, साथियां केन्द्र जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय बस्ती के काउंसलर ने अपने विचार रखे।

# बोगियों को हटाकर लापता यात्री की तलाश शुरू नौ अफसरों के साथ कुल 70 कर्मचारी जुटे



**संवाददाता—गोण्डा।** मोतीगंज — झिलाही रेल खंड पर पिकौरा गांव के पास बीते 18 जुलाई को हुए गोंडा रेल हादसे में लापता यात्री की तलाश बृहस्पतिवार को रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने किया। पिकौरा गांव पहुंची टीम ने हादसे के बाद पलटी बोगियों को सीधा कराया। आशंका थी कहीं बोगियों के नीचे तो कोई शव नहीं दबा है। तलाश कर रही टीम को अभी कोई शव नहीं मिला है। बीते दिनों तरबगंज थाना क्षेत्र के उमरापुर उदवतनगर निवासी रामा देवी ने फरियाद लगाई कि उसका बेटा रामधन भी चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पर सवार हुआ था लेकिन अभी तक वह घर नहीं पहुंचा, जबकि वही ट्रेन पिकौरा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।

डीएम ने मामले में रेलवे के अधिकारियों को कार्रवाई करने और लापता यात्री का पता करने की सिफारिश की। डीआरएम आदित्य कुमार के निर्देश पर सहायक सुरक्षा आयुक्त (रेलवे सुरक्षा बल) राजीव उपाध्याय ने लापता यात्री की तलाश के लिए संयुक्त टीम बनाई थी, जो सुबह से ही मौके पर छानबीन कर रही है। लापता यात्री की तलाश के लिए नौ अधिकारियों के साथ—साथ टीम में कुल 70 अफसरों और कर्मचारी लगे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी के सदर के साथ पांच कर्मचारी व अधिकारी, थानाध्यक्ष मोतीगंज पुलिस फोर्स के साथ रहे। इसके साथ ही एनडीआरएफ लखनऊ के दस स्टाफ के साथ सुपरवाइजर, एसडीआरएफ लखनऊ के दस स्टाफ के साथ अधिकारी, सहायक मंडल इंजीनियर पूर्वी गोंडा के दस स्टाफ व सुपरवाइजर, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ गोंडा के दस स्टाफ तथा दो अधिकारी, मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक चार स्टाफ के साथ अधिकारी को टीम में शामिल हैं। कर्मचारी संसाधनों से लैस होकर छानबीन कर रहे हैं। सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल राजीव उपाध्याय ने बताया कि खोजबीन कराई जा रही है।

# नेपाल बॉर्डर पर 70 लाख की स्मैक बरामद, बहराइच के दो तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता—बहराइच।** जिले के रुपईडीहा नेपाल बॉर्डर पर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर पुलिस और एसएसबी के जवान चेकिंग अभियान चला रहे थे। बीती देर रात करीब 9 बजे के आस—पास चेकिंग के दौरान रिसिया थाना के गांव निबिया हुसैनपुर के रहने वाले भूरे उर्फ जियाउल हक पुत्र हसरत अली तथा बहराइच के पानी टंकी सलारगंज के रहने वाले सिराज पुत्र करमचंद को रोक कर पुलिस और एसपी के जवानों ने पूछताछ किया। तो वह कोई समुचित उत्तर नहीं दे सके। तलाशी के दौरान जियाउल हक के कब्जे से 75 ग्राम और सिराज के कब्जे से 65 ग्राम कुल 140 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 70 लाख रुपए है।

# राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुए भोपतपुरा निवासी वायुसेना के एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्र



**संवाददाता—देवरिया।** तहसील क्षेत्र के भोपतपुरा गांव निवासी वायुसेना में कार्यरत एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्र हाल ही में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित हुए हैं। उनके इस सम्मान से उनके पैतृक गांव में हर्ष है। बता दें कि भोपतपुरा निवासी मदन मोहन मालवीय इण्टर कॉलेज भाटपार रानी के अवकाश प्राप्त कार्यालय अधीक्षक रामप्यारे मिश्र के भतीजे जितेन्द्र मिश्र पुत्र नथुनी मिश्र को बचपन से ही जहाजें उड़ाने का शौक था।उन्होंने रक्षा अकादमी पुणे सहित एयर कमांड एंड स्टॉफ कॉलेज, एयर यूनिवर्सिटी व रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज में पढ़ाई किया।वे 6 दिसम्बर 1986 को असम के तेजपुर में वायुसेना के लड़ाकू विमान के पायलट ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुए।वे एवीएसएम वीएसएम भारतीय वायु सेना के एक वायु अधिकारी हैं। वर्ष 2023 में पदभार ग्रहण करने वाले श्री मिश्र मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टॉफ में उप प्रमुख हैं।वह कारगिल युद्ध की शुरुआत में मिराज 2000 विमानों पर लेजर गाइडेड बम को संचालित करने वाली टीम के अहम हिस्सा रह चुके हैं। जून 2010 में उन्हें फ्रांस में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास गरुण फोर के लिए भारतीय वायुसेना दल का नेतृत्व के लिए भी चुना गया था।वे पुणे में सुखोई—30 एमकेआई ऑपरेटिंग एयरबेस के मुख्य परिचालन अधिकारी भी रह चुके हैं। उन्होंने 18 से अधिक प्रकार के लड़ाकू व परिवहन विमान व हेलीकॉप्टर उड़ाए हैं।इससे पहले भी उन्हें वर्ष 2013 में विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किए जाने पर एयर मार्शल श्री मिश्र के पैतृक गांव के तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।भोपतपुरा निवासी प्रधान प्रतिनिधि दिनेश मिश्र, प्रयागराज हाईकोर्ट के अधिवक्ता विकास मिश्र, जिला कोर्ट के अधिवक्ता दिनेश्वर मिश्र मुन्ना,कवि व शायर मकसूद अहमद भोपतपुरी, लोकगायक पं० रमेश मिश्र, डॉ विनोद गुप्ता,विवेक मिश्र, विनीत मिश्र अंकित, विकास गुप्ता,प्रदीप सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्र का सम्मान हमारे पूरे गांव की सम्मान है।


# सेवानिवृत्त रेलकर्मी की हत्या में चौथा आरोपी दबोचा

**संवाददाता—गोण्डा।** सेवानिवृत्त रेलकर्मी की हत्या में फरार चल रहे आरोपी बिजलीकर्मी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

कोतवाली क्षेत्र के भरहू भट्ठा गांव में बीते 19 तारीख को सेवानिवृत्त रेलकर्मी की घर में सोते समय रात में हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने घटना का खुलासा कर हत्या करवाने में मृतक की पोती व हत्या करने वाले दो आरोपियों को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मृतक की पौत्री से पूछताछ में हत्या में दोनों पकड़े गए आरोपियों को मृतक के घर ले जाकर हत्या को अंजाम देने में बिजली विभाग में तैनात एसएसओ दिनेश चौहान निवासी परसापुर महरौर थाना वजीरगंज का नाम प्रकाश में आया था।

जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। जिसे कोतवाली पुलिस ने गुरुवार दोपहर में टिकरी जंगल से शंभूनगर बुटाहा जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक स्थाई रूप से बिजली विभाग में टीजी सेकेंड पद पर अर्थात बतौर एसएसओ कार्यरत है। इसी ने 19 तारीख को हत्या के लिए अपनी बाइक से ग्राम अम्बरपुर निवासी सलमान व ग्राम बन्दरहा निवासी अखिलेश उपाध्याय को मृतक के घर के पास ले जाकर छोड़ा था, जो रात में सोते समय सेवानिवृत्त रेलकर्मी बटेश्वरी चौहान की सोते समय कुल्हाड़ी से गले व शरीर पर कई वार करके हत्या कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि हत्या में मृतक की पौत्री रिंका चौहान सहित चार लोग शामिल थे। जिनमें से तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

# यात्रियों को लेकर आ रही रोडवेज बस महिला को ठोकर मार गुमटी पर चढ़ी



**संवाददाता—महराजगंज।** गोरखपुर से यात्रियों के लेकर आ रही महराजगंज डिपो की लोहिया ग्रामीण सेवा की रोडवेज बस आधी रात को साढ़े 12 बजे शिकारपुर के पास कोदइला गांव के सामने अनियंत्रित होकर सत्तर वर्षीय वृद्ध महिला को ठोकर मार लकड़ी की बनी गुमटी दुकान पर चढ़ गई। इससे यात्री दहशत में आ गए। चीख पुकार करने लगे। सूचना पर मौके पर पहुंचे शिकारपुर चौकी के पुलिस कर्मियों ने पीआरवी वाहन से घायल वृद्ध महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। महाराजगंज डिपो की लोहिया ग्रामीण सेवा रोडवेज बस को चालक सुरेमन प्रजापति गोरखपुर से लेकर चला था। राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर कोदइला के सामने आकर बस अनियंत्रित होकर कैलाशी देवी पत्नी विजय प्रकाश 70 वर्ष को ठोकर मारते हुए शशिभूषण पुत्र विजय प्रकाश की पान की गुमटी को रौंद पशुपति गुप्त के मकान से जा टकराई। बस की ठोकर से बुजुर्ग महिला का हाथ टूट गया। घटना की सूचना पर पहुंची भिटौली व शिकारपुर चौकी पुलिस के कर्मियों ने घायल महिला को जिला अस्पताल भेजा। बस को चालक समेत अपने साथ थाने ले आई। पुलिस कर्मियों के अनुसार हादसे के बाद चालक स्टीयरिंग सीट पर बेसुध पड़ा था। घायल वृद्ध महिला के दो पुत्र में से छोटे बेटे की मौत हो चुकी है। पति पैरलाइसिस से पीड़ित है। बड़े बेटे की शिकारपुर में दुकान थी। अतिक्रमण हटाने में उसकी दुकान टूट गई। इसके बाद वह घर के सामने गुमटी में दुकान खोल रोजी रोटी का इंतजाम किया था। उसकी मां आधी रात को जरूरत पर घर से बाहर निकली थी। वापस लौटते समय अनियंत्रित बस उसे ठोकर मार दिया। बड़े बेटे की गुमटी को भी रौंद दिया। भिटौली थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि घायल महिला को इलाज के लिए रात में ही जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## आनलाइन शिकायत पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप

**संवाददाता—श्रावस्ती।** विकास क्षेत्र जमुनहा के ग्राम पंचायत डांडेकुइयां गांव के पूरब बनी पक्की सड़क से डांडेकुइयां विद्यालय तक पुरानी आरसीसी रोड बदहाल व जर्जर हो गई थी। लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत की ओर से सड़क निर्माण की पहल की गई। जिसका ठेका ठेकेदार को दे दिया गया। ठेकेदार की ओर से सीसी सड़क का निर्माण कराया गया लेकिन सड़क की पटरी पर मिट्टी की पटाई नहीं कराई गई। इससे लोगों के वाहन सड़क पर नहीं चढ़ पाते और उन्हें समस्या का सामना करना पड़ता है। इस पर गांव के ही विपिन कुमार वर्मा ने आनलाइन पोर्टल के लिए जरिए शिकायत कर सड़क पटरी पर मिट्टी पटवाने की मांग की। विपिन का कहना है कि बिना मिट्टी पटाई का कार्य कराए ही अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने आईजीआरएस पर अपनी रिपोर्ट दर्ज कर शिकायतकर्ता को अवगत करा दिया कि सड़क की दोनों पटरियों पर मिट्टी पटाई का कार्य हो गया है। विपिन कुमार वर्मा ने जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## पिकअप ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत



**संवाददाता—देवरिया।** कपरवार—रुद्रपुर मार्ग पर बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम कपरवार फौजी नगर के निकट गुरुवार को तेज रफ्तार पिकअप की एक बाइक से आमने—सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर से बाइक सवार दूर जा गिरा। टक्कर के बाद अनियंत्रित हुई पिकअप ने युवक को रौंद दिया। उसके बाद पिकअप छोड़कर चालक फरार हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केवटलिया निवासी कृष्णकांत यादव (28) रामनक्षत्र यादव किसी काम से सुबह करीब साढ़े नौ बजे कपरवार आए थे। वापस घर जाते समय अभी फौजी नगर के स्मीप पहुंचे थे कि सामने से आ रही एक पिकअप से भिड़ंत हो गई जिसमें सिर और सीने में में गंभीर चोटे आईं। ग्रामीणों भीड़ इक्कठा हो गई। किसी ने पुलिस को सूचना दी तो पहुंची पुलिस। पुलिस ने बाइक और पिकअप को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई होगी।

# जमीन विवाद सुलझाने गई टीम पर हमला, महिलाओं ने सिपाही से किया हाथापाई



**संवाददाता—महराजगंज।** जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र के राजाजीपुरम वार्ड बेलवा चौधरी में बुधवार को जमीनी विवाद में एसडीएम के आदेश पर पैमाइश कर बंटवारा कराने टीम पहुंची। लेखपाल और पुलिस कर्मियों के साथ एक पक्ष की महिलाओं से नोकझोंक हो गई। पुलिस ने महिलाओं को थाने लाकर शांति भंग की कार्रवाई की। जिले में जमीन विवाद को सुलझाने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। लेखपाल द्वारा दिए गए नोटिस को फाड़कर वापस जाने की धमकी देते हुए महिला उग्र हो गई। वहीं इस पूरे मामले का वीडियो बना रहे पुलिस कांस्टेबल से महिलाओं ने हाथापाई शुरू कर दी और कॉन्स्टेबल को मारपीट कर कपड़ा फाड़ दिया। सूचना पर थाने से भारी संख्या में पहुंची फोर्स पहुंचकर विवाद करने वाली महिलाओं को थाने लाकर जेल भेजने की कार्रवाई की है। दरअसल यह पूरा मामला बुधवार का है। कोठीभार थानाक्षेत्र के ग्राम सभा बेलवा चौधरी में एक ही समुदाय के पाटीदारों में जमीन को लेकर रंजिश चल रही थी, जिसको लेकर दो वर्ष पूर्व लेखपाल द्वारा जमीन की पैमाइश कर दिया। जिसके बावजूद जमीन का विवाद थम नहीं रह था। जिसको लेकर एक पक्ष ने तहरीर देकर पैमाइश की मांग किया। हल्का लेखपाल कोठीभार पुलिस के साथ नोटिस देने पहुंचे। जिसके बाद दूसरे पक्ष की महिलाओं ने विवाद करते हुए नोटिस को फाड़ दिया, जो वीडियो में साफ दिख रहा है। इस पूरे वाकया का कॉन्स्टेबल ने जब वीडियो बनाना शुरू किया तो महिलाओं ने एकजुट होकर कॉन्स्टेबल का फोन छीनते हुए उनको मारने—पीटने लगी। जिससे कॉन्स्टेबल अंकुर सिंह को सीने में चोट आई और कपड़ा भी फट गया। मौके पर पहुंची कोठीभार फोर्स ने सभी को थाने लाई। मामले में थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए चालान कर न्यायालय भेज दिया गया।

# पारिवारिक विवाद में मारपीट, चोटिल महिला ने दम तोड़ा

**संवाददाता—गोण्डा।** थानाक्षेत्र के नवाबगंज गिर्द गांव के घूसे तिवारी पुरवा में बुधवार देरात हुई पारिवारिक कलह और मारपीट में एक महिला और उसका पति तथा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन—फानन में महिला को इलाज के लिए अयोध्या के श्रीराम हास्पिटल इलाज के लिए दाखिल कराया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के शव पोस्टमार्टम अयोध्या पुलिस की ओर से कराया जा रहा है। हालांकि, परिजनों ने मारपीट के दौरान महिला के गम्भीर तौर पर चोटिल हो जाने का हवाला देते हुए पुलिस में कोई तहरीर नहीं दी है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायन सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

मूल रूप से तुलसीपुर माझा गांव के रहने वाले केशव यादव के बेटों ने एक मकान नवाबगंज गिर्द गांव के घूसे तिवारी पुरवा मजरे में बनवाया है। उनके दो बेटे अपने परिवार के साथ यहीं रहते थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात दोनों भाई मे किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। इस मारपीट की घटना में छोटे भाई, उसकी पत्नी तथा बेटे को गम्भीर चोटें आने पर परिजन इलाज के लिए अयोध्या लेकर चले गए। जहां छोटे भाई की पत्नी की इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को परिजनों ने घटना संबंध में थाने पर न ही कोई तहरीर दी और न ही किसी को कुछ बताया। घर पर मौजूद रिश्तेदार ने बताया की मारपीट में गम्भीर चोट आने से महिला की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि आरोपी भाई काफी उग्र स्वाभाव का है। करीब दो दशक पूर्व वह अपनी पत्नी की विदाई को लेकर ससुर के हत्या के आरोप में जेल भी गया था। उसके दबंग स्वभाव के चलते आए दिन उसका लोगों से विवाद भी होती रहता था। मृतका के घर पर परिजन और रिश्तेदार अंतिम संस्कार के लिए पोस्टमार्टम के बाद अयोध्या से शव आने की प्रतीक्षा गुरुवार शाम तक करते दिखे।

# बाढ़ से 15 तो नाव पलटने से कई लोगों को बचाने के लिए किया माकड्रिल

**संवाददाता—श्रावस्ती।** गुरुवार को मोहम्मदपुर कला गांव के पास राप्ती नदी में बाढ़ का नजारा रहा। जिसमें लोगों को बचाने के लिए बचाव टीम पहुंची और 15 लोगों को बचा कर बाहर निकाला। इसी तरह से एक नाव पलट गई जिसमें आधा दर्जन लोग डूब रहे थे। इस पर एनडीआरएफ की टीम ने नदी में खोज कर सभी लोगों को बाहर निकाला और प्राथमिक चिकित्सा करके जिला अस्पताल पहुंचाया। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का भी वितरण किया गया।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को भिनगा तहसील के मोहम्मदपुर कला गांव के पास राप्ती में बाढ़ से बचाने और पानी में डूब रहे लोगों को बचाने का माकड्रिल किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित माकड्रिल में एनडीआरएफ की टीम ने मोहम्मदपुर कला गांव में बाढ़ में फंसे 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने व नाव पलटने से नदी में डूबे 6 नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने का पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का संयोजन व संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने किया। पूर्वाभ्यास स्थल पर आपदा मित्र, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु विभाग, नगर पालिका, अग्निशमन विभाग के कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से मौजूद रहे। रेडक्रॉस व अर्पित फाउंडेशन के स्वयंसेवक भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे।

एनडीआरएफ के निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह ने जिलाधिकारी से अनुमति लेकर पूर्वाभ्यास शुरू किया। पहले चक्र में एनडीआरएफ के जवानों को राप्ती बैराज कंट्रोल रूम से सूचना दी गयी कि राप्ती का जलस्तर 129.00 पहुंच गया है। इसके बाद आपदा कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि मोहम्मदपुर कला के कुछ नागरिक नदी के उत्तरी तट पर फंस गये हैं। सूचना मिलते ही एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने एनडीआरफ को मौके के लिए रवाना किया। एनडीआरएफ के जवान फंसे हुए नागरिकों तक पहुंचे और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और प्राथमिक चिकित्सकीय सहायता दिया। वहीं पर उपजिलाधिकारी पियूष जायसवाल के नेतृत्व में सभी नागरिकों को बाढ़ शरणालय ले जाया गया जहां उन्हें भोजन और रहने की सुविधा उपलब्धा करायी गयी।

दूसरे चरण में मोहम्मदपुर कला के पास राप्ती नदी में एक नाव पलटने से छह लोगों के सामने डूबने की सूचना मिली। इस पर एनडीआरएफ की टीम ने सभी लोगों को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार करके जिला अस्पताल पहुंचाया। इस अवसर पर तहसीलदार भिनगा विपुल सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, प्रशिक्षु एसडीएम पीयूष रावत, नायब तहसीलदार नेहा, आपदा मित्र विवेक मणि त्रिपाठी, दिनेश गोस्वामी, एनडीआरएफ के जवान व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्कूली वाहनों को फिटनेस कराने के लिए 31 तक का समय

**संवाददाता—गोण्डा।** संभागीय परिवहन विभाग ने अनफिट स्कूली वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र के लिए 31 जुलाई तक की अंतिम तिथि निधारित कर दी है। यही नहीं यह चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि तक फिटनेस न कराने पर ऐसे वाहनों के पंजीयन निलंबित कर दिए जाएंगे। साथ ही ऐसे वाहनों से दुर्घटना होने पर वाहन मालिक व स्कूल प्रबंधन को जिम्मेदार माना जाएगा। परिवहन विभाग की लाख सख्ती के बावजूद भी जिले में 295 स्कूली वाहन बिना फिटनेस के ही फर्राटा भर रहे हैं। विभाग ने ऐसे वाहनों को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कार्यालय में शिविर भी लगाया लेकिन दो दर्जन वाहन ही कैंप में पहुंचे और सभी वाहन स्वामी कैंप से दूरी बनाए रहे। हिन्दुस्तान ने गुरुवार के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित भी किया। खबर छपने के बाद परिवहन विभाग ने 31 जुलाई तक अनफिट वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र लेने के लिए अंतिम समय सीमा निर्धारित कर दी है। पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अनफिट वाहनों के स्वामियों को नोटिस भेजकर अवगत करा दिया गया है। 31 जुलाई तक फिटनेस न कराने पर ऐसे सभी वाहनों के पंजीयन निलंबित कर दिए जाएंगे।

# शिक्षामित्रों ने किया विरोध प्रदर्शन,मांगा नियमित वेतन मान

**संवाददाता—श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के बैनर तले शिक्षामित्रों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिनमें शिक्षामित्रों को नियमित करते हुए नियमित वेतन मान की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष निर्मल शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित विरोध प्रदर्शन में जिले भर के शिक्षामित्र मौजूद रहे। निर्मल शुक्ल ने कहा कि शिक्षामित्र पिछने 23 वर्षों से स्कूलों को शिक्षण कार्य कर रहे हैं। जिन्हें मात्र 10 हजार रुपए मानदेय मिलता है। इससे शिक्षामित्र आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। शिक्षामित्रों की समस्याओं का निदान करने के लिए शिक्षा निदेशक के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। लेकिन अभी तक कमेटी की रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया है। विरोध प्रदर्शन के बाद शिक्षामित्र संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि नई शिक्षा नीति में शिक्षा मित्रों को स्थायी करते हुए नियमित वेतन मान दिया जाय। इसी के साथ नियमितीकरण होने तक अन्य राज्यों की तरह मानदेय दिया जाय। वहीं मूल शिक्षा से वंचित शिक्षामित्रों को उनकी ग्राम पंचायत के अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाय। इसी के साथ महिला शिक्षा मित्रों को उनके ससुराल के जनपद में समायोजित किया जाय। इसी तरह से शिक्षा मित्रों को ईपीएफ योजना में शामिल किया जाय और आयुष्मान योजना में शामिल करते हुए मेडिकल सुविधा दिलाई जाय। इसी के साथ मृतक शिक्षा मित्रों के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए एक सदस्य को समायोजित किया जाय। इस मौके पर निर्मल शुक्ल के साथ ही जिला महामंत्री सुभाष चंद्र, कोषाध्यक्ष राम अचल सहित दर्जनों शिक्षामित्र मौजूद रहे।

# जिला खेल विकास व प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई

**संवाददाता—श्रावस्ती।** सीडीओ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रोत्साहन समिति के आय श्रोत बढ़ाने पर चर्चा हुई। साथ ही इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने तहसील खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के गठन के लिए उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आय श्रोत को बढ़ाने के लिए आबकारी विभाग, रजिस्ट्री विभाग व नये शस्त्र लाइसेंस धारकों से समन्वय स्थापित कर आय श्रोत बढ़ाने के लिए प्रयास करने को कहा। जिले में स्थापित स्पोर्टस स्टेडियम में वॉलीबाल, क्रिकेट में खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति के लिए जरूरी कार्रवाई करने को जिला क्रीड़ाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्टेडियम में आने वाले सभी खिलाड़ियों का पंजीकरण कराकर निर्धारित पंजीकरण शुल्क अवश्य जमा कराया जाए। जिले स्तर पर होने वाली सभी खेल प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार—प्रसार किया जाए। जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके। जिले के वरिष्ठ खिलाड़ी, युवा खिलाड़ी व खेल में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़ा जाए तथा खेल से सम्बन्धित समस्त जानकारी पहुंचायी जाए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मोहम्मद इरफान, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर राजीव कुमार पाठक, डीआईओएस मिथलेश कुमार, बीएसए अजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सारथी वाहन को एडी ने झंडी दिखाकर रवाना किया

**संवाददाता—गोण्डा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा अंतर्गत सारथी वाहन को अपर निदेशक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एडी ने सीएचसी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। गुरुवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर पर अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देवीपाटन मंडल डॉ जयंत कुमार ने सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने बताया कि जनसख्या स्थिरता पखवारा 15 जुलाई से 31 जुलाई तक चल रहा है। जिसमें सारथी वाहन परिवार नियोजन की सामग्री लेकर गांव – गांव जाएगी और लोगों को परिवार नियोजन के बारें में जागरूक करते हुए इससे संबंधित सामग्री वितरित करेगी। उन्होंने सीएचसी पर साफ सफाई,लेबर रूम,ओपीडी रजिस्टर, मेडिकल स्टोर व पर्चा काउंटर आदि का निरीक्षण किया, जहां स्वास्थ्य सुविधा ठीक पाई गई।

